एससी-एसटी मेगा बजिनेस कॉन्क्लेव एंड एक्सपो

चर्चा में क्यों?

12 अक्टूबर, 2022 को मध्य प्रदेश के वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह ने दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री **(DICCI)** के मेगा एससी-एसटी बिजनेस कॉन्क्लेव एंड एक्सपो का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से रवींद्र भवन में डिक्की द्वारा एससी-एसटी मेगा बिजनेस कॉन्क्लेव एंड एक्सपो में चार सत्रों में देशभर से आए ख्यात उद्यमियों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किये।
- सचिव एमएसएमई पी. नरहरि ने कहा कि एमएसएमई उभरते सेक्टर प्रसंस्करण एग्रो, खिलौना निर्माण और फर्नीचर के क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने में सहयोग करता है।
- उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ने खिलौना और फर्नीचर में आत्म-निर्भरता के लिये पॉलिसी बनाई है। अजा-अजजा वर्ग के युवा को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार सतत् प्रयत्नशील है। सरकार ने अनुसूचित जाति जनजाति के लिये उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से योजना में विशेष प्रावधान किये हैं।
- दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नेशनल प्रेसिडेंट पद्मश्री रवि कुमार नर्रा ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने शासकीय योजनाओं में विशेष प्रावधान कर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिये सतत् प्रयासरत है।
- प्रदेश के 25 ज़िलों में उद्यमियों द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया और इसमें दूसरे 5 राज्य से भी उद्यमियों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।
- गौरतलब है कि दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स स्व-सहायता और उद्यमिता के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के आर्थिक सशक्तिकरण के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिये काम करता है। इसकी स्थापना 2005 में की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-st-mega-business-conclave-expo